तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 14 जून 2025

02 सती नदी का टूटा रपटा नहीं बना बारिश में 30 ग्राम...



04 मानिकचौरी में स्वागत द्वार का हुआ उद्घाटन





## खबर संक्षेप



### बकली में खरीफ की तैयारी में जुटे किसान कर रहे अकरस जुताई

**राजिम।** अंचल के किसान इन दिनों खरीफ फसल की साफ-सफाई की तैयारी में जुट गए हैं। पिछले 1 महीने से रुक- रुक कर हो रही बारिश के बाद विगत कुछ दिनों से मौसम मेहरबान हुआ और धूप तेज लग रही है। मौसम साफ-सफाई होने के कारण खरीफ फसल की तैयारी में लगे किसान अकरस जुताई टैक्टर से कर रहे हैं। किसान सियाराम साहू, श्रीराम साहू, त्रिलोचन साहू ,चंद्रिका साहू, सुभाष साहू ने बताया कि टैक्टर प्रति घंटा जुताई का 1200 ले रहे हैं। मालूम हो कि टैक्टर से खेत जुताई की कीमत हर वर्ष बढ़ रही है। जब-जब डीजल पेट्रोल की कीमत में बढ़ोतरी हुई है तब-तब किराया भी बढ़ा है। आज कल हल से खेत की जुताई करने वाले किसान बहुत कम ही है। बाकी सब टैक्टर या पावर टिलर का उपयोग कर रहे हैं। बाताया जाता है कि पावर टिलर से जुताई करने पर 600 प्रति घंटा की दर से किराया लिया जाता है। वर्तमान में किसान अपने घरों में लगभग बैल बांधना बंद कर दिए हैं। इस संबंध में पूछने पर बताया गया कि बैल की कीमत 60.000 से लेकर 1 लाख तक की उससे भी ज्यादा कीमत देनी पड़ती है।

### बरदूला घाटी में पलटा ट्रक बाल-बाल बचा चालक



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 4 किमी दूर देवभोग मुख्य नेशनल हाईवे मार्ग में शुक्रवार को शाम को गिट्टी से ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे चालक बाल- बाल बच गया। ज्ञात हो कि इन दिनों इस मार्ग में दुर्घटनाएं आम बात हो गई है।

### 10वीं-12वीं द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा की समय सारिणी जारी

**राजिम।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं एवं बारहवीं की द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी गई है। जारी समय सारणी के अनुसार 12वीं कक्षा की परीक्षा 8 जुलाई हिंदी विषय से प्रारंभ होकर 22 जुलाई तक चलेगी। एवं दसवीं कक्षा की परीक्षा 9 जुलाई गणित विषय से प्रारंभ होकर 21 जुलाई तक चलेगी। द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा में अनुत्तीर्ण,पूरक एवं उत्तीर्ण छात्र शामिल हो सकते हैं। उत्तीर्ण छात्र श्रेणी सुधार के लिए परीक्षा में शामिल होंगे। बता दें कि यह सुविधा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छात्रों को पिछले 2 वर्षों से सुविधा मिली है। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष में 2 बार परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिसमें पहली मुख्य माह मार्च में आयोजित कर मई में परिणाम जारी कर दिया गया है। उक्त परीक्षा में अनुत्तीर्ण, पूरक एवं उत्तीर्ण छात्रों के वर्ष खराब न हो इसके लिए पुनः द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा आयोजित की जा रही है। बता दें कि मार्च में आयोजित मुख्य परीक्षा में कक्षा 10वीं में 57 हजार से अधिक छात्र अनुत्तीर्ण हुए है। वही कक्षा 12वीं में 20 हजार से अधिक छात्र अनुत्तीर्ण हुए है।

### तस्करों से 60 गौवंश बरामद, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस द्वारा धरपकड़ की कार्रवाई कार्रवाई की है। पुलिस ने 7 फरवरी और 19 फरवरी के दो प्रकरणों में आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

# 7 माह से कमीशन न मिलने से आवास मित्र परेशान, दे रहें इस्तीफे

## 20 किमी तक का सफर कर करना पड़ता है, नहीं मिलता कोई अतिरिक्त भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत क्षेत्र में आवास निर्माण कार्यों को सहयोग देने के लिए नियुक्त किए गए आवास मित्र पिछले सात माह से कमीशन के भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। इन आवास मित्रों को न तो निश्चित मानदेय मिलता है और न ही वेतन; उन्हें प्रत्येक आवास के निर्माण पर 1,000 रुपए कमीशन देने का प्रावधान है, जो आवास के पूर्ण होने पर दिया जाता है। 2016 से संचालित इस योजना में कई आवास मित्रों के 100 से अधिक आवास पूरे हो चुके हैं, जिसके एवज में उन्हें कम से कम 1,00,000 रुपए कमीशन मिलना चाहिए था, लेकिन उन्हें केवल 30,000 से 40,000 रुपए ही मिल पाए हैं। नियमानुसार लगभग 100 आवासों पर एक आवास मित्र की आवश्यकता है, किंतु छुरा की 74 ग्राम पंचायतों में मात्र 24 आवास मित्र कार्यरत हैं। इस वजह से उन्हें 15 से 20 किलोमीटर तक की दूरी तय कर तीन-तीन ग्राम पंचायतों के कार्यों की देखरेख करनी पड़ती है। इसके लिए उन्हें कोई अतिरिक्त भत्ता भी नहीं मिलता।



### अधिकारियों के निर्देशों का खामियाजा

आवास मित्रों ने बताया कि 2016 से 2022 के बीच तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने मौखिक रूप से /"एक स्टेप अधिक करके जिओ टैगिंग/" करने का निर्देश दिया था, ताकि काम चलता रहे और शासन को दी जाने वाली प्रगति रिपोर्ट में आवास योजना की प्रगति दिखे। अब यही बात उनके लिए नुकसानदेह साबित हो रही है, क्योंकि मीडिया में लगातार यह विषय उठाया जा रहा है कि कार्य पूर्ण नहीं होने के बावजूद जिओ टैगिंग किस स्तर पर की गई है। इन सभी समस्याओं के कारण आवास मित्र मानसिक रूप से पीड़ित हैं और कई तो अब इस्तीफा भी दे रहे हैं, क्योंकि इस काम में मानसिक तनाव बहुत अधिक है। सभी आवास मित्रों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराने के लिए जिला सीईओ से मुलाकात करने का निर्णय लिया है।

**भुगतान किया जाएगा-** जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने बताया कि आवास मित्रों को अभी कुछ भुगतान किया गया है और शेष राशि के लिए जिला को भेजा गया है। शासन से राशि प्राप्त होते ही उन्हें भुगतान कर दिया जाएगा। फिलहाल, आवास मित्रों की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि उनकी समस्याओं का कब समाधान होता है और उन्हें लंबित कमीशन का भुगतान कब तक मिलता है।

## निरीक्षण : नपा अध्यक्ष ने तत्काल संचालक को वितरण रोकने के दिए निर्देश

# खराब चावल वितरण पर मचा हंगामा, वेयर हाउस निरीक्षण में नान अध्यक्ष को मिले गुणवत्ताहीन चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर के वार्ड नंबर दो के शासकीय राशन दुकान में खराब चावल वितरण की शिकायत ने स्थानीय प्रशासन और नागरिक आपूर्ति विभाग में हड़कंप मचा दिया है। इस गंभीर मामले को लेकर शुक्रवार दोपहर नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव नवापारा पहुंचकर वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि चावल की कुछ क्वालिटी प्रथम दृष्टया खराब है, यह विवाद तब शुरू हुआ जब वार्ड नंबर दो की राशन दुकान से उपभोक्ताओं को वितरित किए गए चावल की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए। स्थानीय निवासियों ने शिकायत किया था कि चावल इतना खराब है कि उसे खाना तो दूर, देखने में भी असहनीय है। इस मुद्दे को लेकर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव और कांग्रेस पार्षदों ने तीखा विरोध किया था। मामला तब और गरमाया जब यह शिकायत सोशल मीडिया में वायरल हो गई। सोशल मीडिया पर उपभोक्ताओं ने खराब चावल की तस्वीरें और वीडियो साझा किए, ▶▶|शेष पेज 2 पर



### आगे की कार्रवाई पर टिकी नजरें

निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने निरीक्षण के बाद आश्वासन दिया कि इस मामले की गहन जांच की जाएगी और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए वेयरहाउस और वितरण प्रणाली में सुधार किए जाएंगे। हालांकि, अब सवाल यह है कि इस मामले में कितनी तेजी और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई होती है। नवापारा में खराब चावल वितरण का यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य और गरीबों का हक सुनिश्चित करने के लिए सरकार को इस मामले में त्वरित और ठोस कदम उठाने होंगे। फिलहाल, स्थानीय नागरिक और विपक्षी दल जांच के परिणाम और कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के साथ नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पार्षद प्रतिनिधि धीरज साहू, रवि साहू, सचिन सचदेव, सहदेव कंसारी, अशोक गंगवाल, मुकुंद मेश्राम, सौरभ सिन्टु जैन व अन्य लोग मौजूद थे।

### राशन वितरण में नई मशीनें बनी सिरदर्द 7 बार ओटीपी मांगने से उपभोक्ता परेशान



**मैनपुर।** चावल उत्सव के तहत जून, जुलाई और अगस्त माह के राशन एकमुश्त वितरण का फैसला हितग्राहियों और दुकानदारों के लिए मुसीबत बन गया है। आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के राशन दुकान पर अव्यवस्था है ओटीपी सिस्टम, पुरानी मशीनें, और सर्वर डाउन होने की समस्याओं ने राशन वितरण को अखाड़े में तब्दील कर दिया है एक हितग्राही को राशन लेने में एक घंटा लग रहा है ऐसे मे पूरे दिन मे केवल एक राशन दुकान मे महज 10 से 12 लोगों को राशन मिल पा रहा है और भारी भीड़ राशन दुकानों में देखने को मिल रही है। सेल्समेन आनंद नागेश ने बताया की नई मशीन की प्रक्रिया जटिल है जिससे राशन वितरण ठप होने की कगार पर है। कई जगहों पर हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। राशन वितरण के लिए उपयोग में लाई जा रही नई मशीनें 6 बार ओटीपी मांग रही है इस बीच टाइम ▶▶|शेष पेज 2 पर

### मेटाडोर पेड़ से टकराई ड्राइवर व हेल्पर गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर-कुंडेल मार्ग पर बाबा कुटी आश्रम के पास शुक्रवार शाम करीब 4 बजे एक तेज रफ्तार मेटाडोर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे ड्राइवर और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। मेटाडोर का ड्राइवर स्टीयरिंग में बुरी तरह फंस गया था, जिसे पुलिस और स्थानीय लोगों ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मेटाडोर फिंगेश्वर से कुंडेल के धान संग्रहण केंद्र की ओर लोडिंग के लिए जा रहा था तभी यह भीषण हादसा हुआ। हादसे में मेटाडोर में सवार दो अन्य लोग बाल-बाल बच गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायल ड्राइवर और हेल्पर को गंभीर हालत में रायपुर रेफर कर दिया गया है। फिंगेश्वर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**जर्जर सड़क बन रही हादसों की वजह-** फिंगेश्वर से कुंडेल तक का सड़क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यह संकरी और एकल लेन वाली सड़क है, जिस पर हर दिन भारी भरकम ▶▶|शेष पेज 2 पर

# अवैध रेत खनन, हाईवा और चेन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम सरकड़ा के सूखा नदी मे संचालित हो रहे अवैध रेत खनन एवं परिवहन को लेकर शासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर एक आईवा एवं चैन मांउटेन मशीन जप्त कर खनिज नियमो के तहत कार्यवाही की है। 13 जून को अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।फिंगेश्वर क्षेत्र के सरकड़ा सूखा नदी में संचालित हो रहे अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर छापेमारी कर खनिज विभाग,वन विभाग,राजस्व और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने एक चौन माउंटेन मशीन और एक हाइवा वाहन जब्त किया है।यह कार्रवाई अवैध रेत कारोबार के खिलाफ जिला प्रशासन की बड़ी पहल मानी जा रही है।





### पत्रकारों पर हुवे जान लेवा हमले के बाद बढ़ी सख्ती

हाल ही में राजिम के पितईबंद अवैध रेत घाट मे समाचार कवरेज करने गए पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले के बाद अवैध रेत माफियाओं के खिलाफ जनाक्रोश और मीडिया में विरोध बढ़ता जा रहा था।इसके बाद से प्रशासनिक महकमा लगातार सक्रिय हुआ और एक के बाद एक छापेमारी कर रहा है।इसके बावजूद फिंगेश्वर के सरकड़ा सूखा नदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन का कारोबार बेधड़क जारी था।लेकिन अब लगातार कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से यह काला कारोबार खुलेआम चल रहा था और इससे न सिर्फ राजस्व की हानि हो रही थी,बल्कि छेत्र के नदियों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था, प्रशासन की सख्ती से अवैध रेत माफिया सकते में है। जिले के खनिज विभाग,राजस्व व पुलिस बल की छापामार कार्रवाही के बारे मे जिम्मेदारो ने बताया की आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध उत्खनन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पूरे जिले में अवैध रेत उत्खनन पर नजर रखने के लिए विशेष निगरानी दल भी गठित किया गया है।

# जर्जर व बाउंड्रीविहीन स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा खतरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में 16 जून से नया स्कूल सत्र शुरू होने वाला है, लेकिन इस साल भी कई गांवों के स्कूली बच्चे जर्जर भवनों के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर होंगे। इससे भी बड़ी चिंता का विषय यह है कि क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर शासन और जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं दिख रहे हैं। कई शालाओं में बाउंड्री वॉल न होने के कारण बच्चों की सुरक्षा से लगातार खिलवाड़ हो रहा है। अफसरों को इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। बड़ा सवाल यह है कि स्कूल की छुट्टी या



■ 16 जून से शुरू हो रहा नया सत्र

मध्यावकाश के दौरान बाउंड्री वॉल विहीन शालाओं में खेलते-खेलते यदि कोई बच्चा खतरे में पड़ जाए, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

**शिक्षकों की परेशानी और असुरक्षा-** शिक्षक भी बाउंड्री न होने से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि बाउंड्री न होने की वजह से सुरक्षा में काफी असुविधा महसूस होती है, क्योंकि कभी भी आवारा मवेशी और जंगली जीव-जंतु भी विद्यालय में पहुंच जाते हैं, जिससे शिक्षकों और बच्चों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

**बाउंड्रीविहीन स्कूलों की लंबी सूची-** क्षेत्र में कारीमाटी, बेलडीही, लादनपारा, फूलबाहरा, दादरगांव नया, आमापारा, बीजापानी, मडवापथरा, कनफाड, जिडार, कोडामाल, बागबाहरा, छिदौली, कमारपारा छिदौली, ठेलकादादर सहित दर्जनों स्कूलों में चारदीवारी निर्माण को लेकर अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। गौर करने वाली बात यह है कि इनमें से ज्यादातर ▶▶|शेष पेज 2 पर

## हमटा पास की ओर गरियाबंद की बेटियों का साहसिक सफर जारी

# जिले की बेटियां 14 हजार फीट पर फहराएंगी तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले की बेटियों ने अपने हौसले और जज्बे से एक नई मिसाल कायम की है। शिक्षक नगर आमदी निवासी कनक लता सिंह पिता सत्येंद्र सिंह, उम्र 27 वर्ष के मार्गदर्शन और नेतृत्व में गरियाबंद की चार साहसी बेटियां देश की ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराने के अभियान पर निकली हैं। कनक लता सिंह के साथ कोमिता साहू पिता दुष्यंत साहू, उम्र 16 वर्ष, खिलेश्वरी कश्यप पिता त्रिलोक कश्यप, उम्र 17 वर्ष और अम्बा तारक पिता ऐवस तारक, उम्र 18 वर्ष ने पहले छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा केदारकंठा ट्रैक पर 12,500 फीट की ऊंचाई पर तिरंगा फहराकर पूरे जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया। इस अद्भुत उपलब्धि के बाद अब यह दल एक और चुनौतीपूर्ण अभियान की ओर बढ़ रहा है।

### बर्फ से ढके रास्तों और पगडंडियों से गुजरेंगे



12 जून को गरियाबंद से रवाना होकर ये साहसी बेटियां अब हिमाचल प्रदेश के हमटा पास ट्रैक की ओर अग्रसर हैं, जहां वे समुद्र तल से 14,000 फीट की ऊंचाई पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य लेकर निकली हैं। यह ट्रैक अत्यंत कठिन है। दल को करीब 35 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करनी होगी। इस दौरान घने जंगलों, दुर्गम और खड़ी पहाड़ियों, बर्फ से ढके रास्तों और ऊबड़-खाबड़ पगडंडियों से गुजरना होगा। हर दिन उन्हें 5 से 7 घंटे तक पैदल चढ़ाई करनी होगी। टीम 15 जून को मनाली बेस कैंप से हमटा पास ट्रैक के लिए रवाना होगी।

**कई युवाओं को मिल रही प्रेरणा-** कनक लता सिंह के नेतृत्व में यह दल न केवल साहस और शौर्य का परिचय दे रहा है, बल्कि छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है। कनक लता का कहना है कि यह यात्रा केवल पर्वतारोहण नहीं, बल्कि हर युवा में देशभक्ति और आत्मविश्वास की भावना जगाने का प्रयास है। कनक लता सिंह गरियाबंद जिले के शिक्षक नगर आमदी की निवासी हैं। उनकी उम्र 27 वर्ष है और वे सत्येंद्र सिंह की पुत्री हैं। कनक लता साहसिक अभियानों में रुचि रखती हैं और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लेकर निकलती हैं। उनके नेतृत्व में कई युवाओं को प्रेरणा मिल रही है। सरल स्वभाव और मजबूत इच्छाशक्ति के कारण वे सभी के बीच आदर्श बन चुकी हैं। कनक लता ने कहा की यह यात्रा केवल मेरी नहीं है, यह पूरे छत्तीसगढ़ की बेटियों का हौसला दिखाने का प्रयास है। हम हर कठिनाई को पार कर तिरंगा ऊंचा करने निकले हैं। हमारा सपना है कि हमारे प्रदेश और देश का नाम रोशन हो और युवा शक्ति को इससे प्रेरणा मिले। जिले के लोगों में इस अभियान को लेकर उत्साह और गर्व की लहर है। सभी इन बेटियों की सफलता और सुरक्षित वापसी की कामना कर रहे हैं।

# छुईहा में अवैध शराब बिक्री जारी, एक ही परिवार के चौथे सदस्य को भी जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम छुईहा में अवैध कच्ची शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक ही परिवार के तीन सदस्यों को पहले ही अवैध शराब बनाने और बेचने के आरोप में धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत जेल भेजा जा चुका है, इसके बावजूद इस घर से अवैध शराब की बिक्री लगातार जारी थी। अब इसी परिवार के चौथे सदस्य, कुलेश्वर पहाड़िया (कमार), उम्र 40 वर्ष, पिता स्व. मालिकराम कमार, निवासी कमारपारा छुईहा, को भी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें भी 34-2 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस घटना से यह साफ हो गया है कि कमार पारा, छुईहा, अवैध शराब का अड्डा बन चुका है। यह कार्रवाई नया सवेरा अभियान के अंतर्गत हुई है। गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों ने अवैध शराब और गांजा तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। फिंगेश्वर थाना प्रभारी गौतम गौवडे के निर्देश पर, उनके थाना क्षेत्रों में मुखबिरों और पेट्रोलिंग की सक्रियता के कारण यह बड़ी कामयाबी मिली है। इसी क्रम में, 10 जून को थाना फिंगेश्वर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम पतोरा तिराहा नहर पुलिया के पास कुलेश्वर कमार को रंगे हाथों पकड़ा। उनके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक के जरकीन में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब और एक पीले रंग की प्लास्टिक के ▶▶|शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप



### सरदार वल्लभभाई पटेल पारा वार्ड 3 में सावित्री फुले चौक का नामकरण

**राजिम।** नगर पंचायत राजिम परिषद की बैठक में नगर विकास संबंधी अनेक विषयो पर चर्चा परिचर्चा के बाद सर्वसम्मति से पास किया गया। साथ ही वार्ड 3 पार्षद जानकी पटेल, वार्ड 2 के पार्षद तुषार कदम, वार्ड 9 के पार्षद सुरेश पटेल, वार्ड 11 के पार्षद अजय पटेल ने वार्ड 3 विश्वकर्मा मंदिर के पास में नारी उत्थान में अपनी अहम भूमिका निभाने हमारे देश की प्रथम शिक्षिका होने का गौरव प्राप्त माता सावित्री फुले चौक बनाने व नामकरण की मांग परिषद में नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षद के प्रस्ताव रखा गया। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एवं सभी पार्षदो द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर सर्व समाज द्वारा अध्यक्ष महेश यादव एवं पार्षदों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि हमारे देश में नारियों के उत्थान में माता सावित्री फुले का योगदान अतुल्नीय है। मरार पटेल समाज के प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल ने कहा कि राजिम नगर पंचायत द्वारा माता सावित्री फुले चौक का नामकरण कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया हैं। चालन पटेल समाज के जिला अध्यक्ष पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने किया, आभार कार्यालय सचिव पूर्व पार्षद भुखन पटेल ने किया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से सभापति भारत यादव, आकाश राजपूत, कुलेश्वर साहू, मंशा कुर्रे तथा पार्षदों में पूर्णिमा चंद्राकर, बलराम यादव, नरोत्तम सिंह ठाकुर, टंकु सोनकर, सुमित्रा निराला, रेखा-कुलेश्वर साहू, पार्षद प्रतिनिधि उत्तम निषाद, मरार पटेल समाज प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल, प्रदेश अंकेक्षक फिरंगी पटेल, राज सचिव नारायण पटेल, तहसील अध्यक्ष आनंद कुमार पटेल, राज उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, नगर सचिव कमल पटेल, गणेश पटेल आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### परसाद में मोर गांव मोर पानी महा अभियान



**नयापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत परसदा में पानी बचाओ अभियान का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से सरपंच रमेश वर्मा, सचिव रामचंद्र तारक, पंचायत रोजगार साहिका माधुरी साहू, मनरेगा मेट टीकू यादव, योगेश यादव, महिला क्लस्टर से त्रिवेणी साहू सक्रिय महिला उपस्थित हुए आगे जानकारी देते हुए यादव ने बताया कि जल है तो कल है जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती पानी की एक एक बूंद उत्तम सर्वोत्तम है शासन के निर्देशानुसार 9 मार्च दिन सोमवार को मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया गया गांव में जल स्त्रोत बड़े उसके लिए पंचायत के द्वारा रिचार्ज फीट कुआं निर्माण कराए गए हैं पानी के संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत के द्वारा दीवाल लेखन भी कराया गया है पानी संरक्षण के लिए तालाब गहरीकरण नाला सफाई नाली सफाई सकता गड्ढा निर्माण जल संरक्षण के लिए पंचायत द्वारा कार्य किया जा रहा है। सरपंच रामेश वर्मा ने बताया कि जल संवर्धन के लिए तालाब में चेक डैम की व्यवस्था नाले में साफ-सफाई व्यवस्था एवं गहराई मजदूरी मुलाकात मनरेगा कार्यव्यवस्था एवं हैंडपंप में सुखता गड्ढा निर्माण पंचायत द्वारा कराया जा रहा है सभी सक्रीय महिलाओं महिला समूह को जल संरक्षण के लिए सरपंच द्वारा निर्देश एवंसंकल्प दिलाया गया।

### शहीद एएसपी की याद में रक्तदान शिविर आज

**महासमुंद।** सुकमा जिले के कोंटा के गोलापल्ली मार्ग में आईईडी ब्लास्ट में एडिशनल एसपी आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए। उनकी याद में 14 जून 2025 शनिवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सर्व हिंदू समाज महासमुंद द्वारा किया गया है।

**विडंबना : आमदी पंचायत मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा**

# सती नदी का टूटा रपटा नहीं बना बारिश में 30 ग्राम फिर बनेंगे टापू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जिले के दूरस्थ वनांचल आदिवासी क्षेत्र के लोग आज भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। मैनपुर से लगभग 38 किमी दूर ग्राम पंचायत आमदी मूलभूत बुनियादी समस्याओं से जकड़ा हुआ है आमदी के नजदीक ही सूखा सती नदी है और इस विशाल नदी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग द्वारा लगभग 10 वर्ष पहले 80 लाख रुपए खर्च कर रपटा का निर्माण किया गया था। यह रपटा हर वर्ष बारिश में बह जाता है जिसके कारण जोबा से लेकर दर्रीपारा, आमदी, खरता, आमागांव सहित धमतरी जिला को जोड़ने वाला लगभग 30 से 35 गांव का संपर्क बारिश के दिनों में पूरी तरह टूट जाता है। सती नदी पिछले वर्ष फिर बारिश में बह गया था जिसके ऊपर लाखों रूपए खर्च कर मरम्मत किया गया है लेकिन यह मरम्मत महज नाममात्र का है क्योंकि अभी से इसके छड़ और सरिया बाहर निकल गये हैं बारिश के दिनों में फिर इस रपटा में आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ग्राम पंचायत आमदी के युवा सरपंच आत्माराम मरकाम, उपसरपंच लोकेश नेताम, अमृत बाई, रविलाल, रामसिंह, दशरी बाई, पानबाई, अश्वनी, दिलीप कुमार, राजकुमार व क्षेत्र के लोगो ने बताया की सती नदी में बड़े पुल निर्माण की मांग को लेकर कई बार जिला स्तर के अफसरों से लेकर मंत्री तक को आवेदन दे चुके हैं कई बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अफसरों ने निरीक्षण भी किया है लेकिन अब तक नया पुल निर्माण की दिशा में पहल नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने बताया की बारिश के दिनों में रपटा के ऊपर पानी चलने के कारण मार्ग बंद हो जाता है और स्कूली छात्र- छात्राएं जान जोखिम में डालकर स्कूल आना -जाना करने मजबूर होते हैं।

■ युवा सरपंच ने लगाई सरकार से गुहार

**लोगों के घरों में नहीं पहुंच रहा पानी**



ग्राम पंचायत आमदी के सरपंच आत्माराम ने बताया की ग्राम पंचायत आमदी की जनसंख्या लगभग 5 हजार के आसपास है इसके आश्रित ग्राम पण्डरीपानी, मोहलाई, जैतपुरी एवं बरदूला विरान ग्राम है। ग्रामों में हैण्डपंपों की भारी कमी है। लाखों करोड़ों रूपये खर्च कर ग्राम पंचायत क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी का टंकी का निर्माण किया गया है। घरों में नल कनेक्शन दिया गया है लेकिन अब तक लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन इस समस्या की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। साथ ही उन्होने बताया की पण्डरीपानी कच्ची मार्ग में लोगों को आने जाने में भारी दिक्कत होती है। बरदूला विरान ग्राम तक सड़क व पानी की सुविधा कर पुनः बसाने की जरूरत है साथ ही इस क्षेत्र के स्कूलो मे शिक्षक के साथ -साथ अन्य मूलभूत समस्या बनी हुई है। ग्राम पंचायत के युवा सरपंच आत्माराम ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गरियाबंद जिला के कलेक्टर बीके उइके से मांग किया है कि क्षेत्र की मूलभूत समस्या के समाधान के लिए ठोस कार्य योजना बनाई जाये जिससे इस आदिवासी क्षेत्र के लोगो को इसका लाभ मिल सके।

## 22 छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

पंडित श्यामचरण शुक्ल फाउंडेशन विद्यार्थी सम्मान समारोह गरियाबंद एक्शन हाल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने संबोधित किया कि उनके पिता श्यामचरण शुक्ल का सपना था कि उनके संसदीय क्षेत्र गरियाबंद में स्वास्थ्य, शिक्षा और सिंचाई सुविधाओं की कमी न रहे।

जिले की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन रखने वाले 22 छात्र-छात्राओं का मेडल और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्यामचरण शुक्ल फाउंडेशन ने किया था, जिसके चेयरमैन पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, उनके पुत्र भवानी शंकर शुक्ल सहित संस्था के सदस्य व परिवारजन मौजूद रहे। इस गैर-राजनीतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के परिजन सहित अनेक स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार शर्मा ने किया। लोकसेवा ही लक्ष्य अमितेश शुक्ल सभा को संबोधित करते हुए अमितेश शुक्ल ने कहा कि उनके पिता श्यामचरण शुक्ल ने जीवनभर गरियाबंद क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया था। उनके प्रयासों ने अनेक गांवों तक सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित किया। शुक्ल ने बताया कि उनके साथ उनके पिता ने नए स्कूल, अस्पताल और सिंचाई परियोजनों मंजूर करवाकर लोगों की मुश्किलें आसान किया था। अब



श्यामचरण शुक्ल फाउंडेशन उनके आदर्श मार्ग पर चलते हुए निरंतर जनसेवा करता रहेगा। शुक्ल ने लोगों से सुविधाओं या सेवा कार्यों संबंधी सुझाव देने या जरूरत होने पर संस्था से संपर्क रखने का आह्वान किया।

**इनका हुआ सम्मान-** 10वीं बोर्ड टॉपर नोम साहू, भूमिका नागेश, गीताजंली बंजारे, प्रणय बांबोडे, लक्ष्मी नागेश, ऐश्वर्या साहू, जयेश साहू, माया साहू, नम्रता निषाद, आर्ती साहू। 12वीं बोर्ड टॉपर प्रिया बघेल, भानुप्रताप साहू, अंजू साहू, निशारानी टंडन, रूपाली नागेश, भोजलता, लक्ष्मी बांधे, गीतिका सचदेव, निशा, तेजस्वरी।

## किसान डीएपी खाद और बीज के लिए परेशान : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव इन दिनों लगातार गांव -गांव पहुंचकर लोगों की समस्या सुन समस्याओं का समाधान करने लगे हुए हैं अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने पहचाने जाने वाले विधायक जनक ध्रुव कई किमी पैदल चलकर गांव के अंतिम मोहल्ले और पारा तक पहुंचकर लोगो के घरो तक पहुंच रहे है इस दौरान पेंशन, आवास, राशन कार्ड, हैण्डपंप, घरो मे बिजली कनेक्शन, पेयजल जैसे समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहे है तो वहीं ग्रामीणों के आमंत्रण पर देर रात तक लोगो के घरो तक पहुंचकर शादी विवाह, जन्मोत्सव और अन्य धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम मे शामिल हो रहे है। ग्राम मैनपुर कला, जिड़ार, ठेनही, तुमड़ीबहार, झरियाबाहरा, अर्जुनी, कौंदकेरा, मदनपुर, कसाबाय, खम्हारीपारा क्षेत्र का दौरा कर अनेक कार्यक्रम मे शामिल हुए।

■ विधायक लोगों की समस्याओं के समाधान में लगे

**इस दौरान क्षेत्र के किसानो ने डीएपी खाद व बीज नही मिलने की शिकायत किया-** विधायक जनक ध्रुव जब क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे तो इस दौरान विभिन्न ग्रामो के किसानो और ग्रामीणों ने राशन दुकान मे आ रही ओटीपी परेशानी के साथ खाद, बीज खासकर डीएपी खाद नही मिलने की



शिकायत किया जिसपर जनक ध्रुव ने तत्काल संबंधित अफसरो से जानकारी लिया कांग्रेस कार्यकर्ताओ को विधायक ने कहा क्षेत्र के लोगो को कोई समस्या न हो जहां भी कोई समस्या है इसकी जानकारी तत्काल उन्हे उपलब्ध करायी जाये।

**बोआई और थरहा के लिए बीज संकट-** इस दौरान विधायक जनक ध्रुव ने चर्चा करते हुए कहा की खरीफ की बोआई और थरहा के लिए अभी से खाद बीज के संकट से किसान जूझने लगे है भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद बीज उपलब्ध नहीं करा पा रहे है अभी एक पखवाड़ा पहले बेमौसम बारिश से क्षेत्र के किसानों के धान मक्का की फसल को जमकर नुकसान पहुंचा है अभीतक किसानों को मुआवजा राशि नही दिया गया है। जनक ध्रुव ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा भाजपा सरकार नहीं चाहती कि आदिवासी क्षेत्र के बच्चे आगे बढ़े इसलिए युक्तियुक्त करण के तहत स्कूलों को बंद किया जा रहा है एक ओर सरकार नई शराब दुकान खोल रही है और हर तरह से नशा खोरी को बढावा देने का कार्य कर रही है लोगों के गांव और घरो तक सरकार शराब पहुंचाने का कार्य कर रही है।

**गांव -गांव में आसानी से शराब मिल रही-** चुनाव से पहले भाजपा शराब बंदी का वादा कर लोगों से अपना वोट लिया और सरकार बनने के बाद अपने वादे से मुकर गई भाजपा सरकार राजस्व कमाने मादक पदार्थो और नशाखोरी को बढावा दे रहा है शराब लोगों को सहुलियत से कैसे मिले इसका सेवन आसानी से कैसे कर सके इसके लिए पहले आहता को वातानुकूल किया शराब की ब्रांड की उपलब्धता की जानकारी मनपसंद एप्प लॉच कर हॉटल ढाबों में शराब पिलाने के लिए लाईसेंस दे रही है अब तो गांव -गांव आसानी से शराब मिलने लगा है। श्री ध्रुव ने कहा की जबसे छत्तीसगढ़ भाजपा की सरकार बनी है विकास कार्य पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया है। सिर्फ भ्रष्ट्राचार हावी है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेन्दू यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, डोमार साहू, नेयाल नेताम, सुकचंद ध्रुव, तनवीर ठाकुर, रामभरोसा, पवन जगत, रोहन मरकाम, गज्जू यादव, लिकेश यादव, हेमलाल बारले, चंदा बारले सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कूल खुलने की तैयारियों को लेकर संकुल प्राचार्य ने ली शिक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

संकुल केन्द्र बिजली में संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू द्वारा शिक्षकों की आवश्यक बैठक संकुल समन्वयक भुवन यदु की उपस्थित में ली गई। इस बैठक में संकुल केन्द्र बिजली के अंतर्गत बारुला, नवाडीह, बिजली मड़वाडीह, खुड़ियाडीह, खुटेरी स्कूल के संस्था प्रमुख व शिक्षक उपस्थित थे।इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बताया कि 16 जून से स्कूल खुल रहे है जिसके लिए संकुल केन्द्र के अंतर्गत सभी शालाओं में शाला खुलने से पूर्व कक्ष,बरामदा कार्यालय, शौचालय एवं परिसर की साफ सफाई अनिवार्य रूप से कराते हुए शाला विकास समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कर लेवे। सभी स्कूलों में छात्र -छात्राओं को पुस्तक, गणवेश वितरण कर उनकी जानकारी पंजी में संधारित करते हुए उसे पोर्टल में अपडेट करें। इस बार सभी पाठ्य पुस्तकों को टीबीसीसीज ऐप के माध्यम से स्कैनिंग करने के पश्चात ही विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण करें। वही सभी पाठ्य पुस्तकों में अनिवार्य रूप से आठ दस पृष्ठ में शाला का सील जरूर लगावें। सभी छात्र -छात्राओं का शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बना हुआ होना चाहिए ताकि कोई भी छात्र-छात्राएं शासन से मिलने वाली लाभों से वंचित न हों। सभी शिक्षक शाला अवधि तक उपस्थित रहे एवं शिक्षक पाठ्यक्रम का निर्माण कर प्रतिदिन शिक्षक दैनंदिनी लिखते हुए संस्था प्रमुख से जांच कार्य अवश्य ही करावें। इसके साथ साथ उच्च कार्यालय द्वारा मांगी जाने वाली जानकारी नियत समयावधि में उपलब्ध कराएं। किसी भी स्थिति में जर्जर भवन में छात्र-छात्राओं को न बिठाएं।



**गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसा जाए-** उन्होंने आगे कहा कि सभी संस्था प्रमुख शाला परिसर, शौचालय एवं मध्यान्ह भोजन कक्ष की साफ सफाई कराने की बात कही। शाला प्रवेशोत्सव के दिन जन प्रतिनिधियों, शाला विकास समिति के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित करते हुए विद्यालय के मेधावी छात्र -छात्राओं का सम्मान जरूर करें। बारिश होने के बाद शाला परिसर में फलदार एवं छायादार पौधा रोपण अनिवार्य रूप से करते हुए उनकी उचित देखभाल जरूर करें। माह में कम से कम एक बार न्यौता भोजन का आयोजन के लिए पालक एवं जनप्रतिनिधि को प्रेरित करें। बच्चों को मध्यान्ह भोजन के तहत गुणवत्ता पूर्ण भोजन परोसा जावे। वहीं पर मिड डे मिल ऐप में एंट्री जरुर करें।जिन विद्यालयों का यू डाइस प्रोगेस कार्य अपूर्ण है उसे जल्द ही पूर्ण कर लेवें।ऑनलाइन अवकाश संबंधी जानकारी सीजी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करें।

इस अवसर पर संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू, संकुल समन्वयक भुवन यदु प्रधानपाठक गुलाबचंद साहू,वीरेंद्र साहू,लता धुरव, विद्या बोरझा, रंजना ढीढी, शिक्षक लक्ष्मीनारायण सेन, ऋषि वल्लभ सेन, कृपाराम बघेल, चुमेश्वर वर्मा, बिरेन्द्र यदु सहित संकुल केन्द्र बिजली के शिक्षक उपस्थित थे।

## ब्लाक स्तरीय कृषि स्थायी समिति की हुई पहली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, फिंगेश्वर में विकासखंड स्तरीय कृषि स्थायी समिति की पहली बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, और कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित विस्तृत जानकारी समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को दी। इसके साथ ही, सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु अनुमोदन भी प्राप्त किया गया। समिति की सभापति मंजू साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि और संबंधित विभागों को एकजुट होकर किसानों के लिए काम करना चाहिए। उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि विकासखंड के सभी पात्र किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की पूरी जानकारी मिले, ताकि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। इस महत्वपूर्ण बैठक में कृषि स्थायी समिति के सदस्य श्रीमती नीता साहू, नंदूराम यादव, रामेश्वरी कुर्रे, और गोदावरी साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## भाजपा मंडल नवापारा द्वारा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

नवापारा भाजपा मंडल द्वारा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन पंडित ऋषि दास वैष्णव सामुदायिक भवन विधायक जनदर्शन कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों में गरीब कल्याण के कई कार्य हुए हैं, जिन्हें जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। कहा कि इन योजनाओं का लाभ वंचित लोगों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान मजबूत हुई है और अब हमें केंद्र सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गोयल,सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी,भाजपा जिला मंत्री रायपुर ग्रामीण परदेशी राम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा.उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा, पाषर्द निर्मला-धीरज साहू,रवि साहू, जिना निषाद, सहदेव कंसारी,लोमश्वरी साहू, तनु मिश्रा, मुकुंद मेश्राम, अनुज राजपूत, मुक्कू निषाद, साधना सौरज, संतोषी कंसारी सहित बड़ी सख्या में अन्य लोग मौजूद थे।



## पेज 3 के शेष...

### खराब चावल वितरण...

जिसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने तत्काल प्रभाव से दुकान संचालक को खराब चावल का वितरण रोकने के निर्देश दिए। बता दें कि नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वेयरहाउस का निरीक्षण पत्रकारों की मौजूदगी में किया। विशेष रूप से निरीक्षण के दौरान उन्होंने पत्रकारों को यहां आमंत्रित किया। चावल के स्टॉक की जांच की और पाया कि कुछ बैचों की क्वालिटी अत्यंत खराब है।

### राशन वितरण में...

आउट हो जाने से पूरी प्रक्रिया फिर से करने पड़ती है। मैनपुर के अधिकांश ग्रामीण वनांचल इलाके में भी नेटवर्क की कमी के चलते ओटीपी सिस्टम और भी जटिल हो गया है। हितग्राहियों और दुकानदारों की मांग- हितग्राहियों और दुकानदारों ने एक स्वर में सरकार से पुरानी राशन वितरण प्रणाली को बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि मैनुअल सिस्टम या पुरानी मशीनों से राशन वितरण तेजी से हो सकता है। कई सेल्समेनों का कहना है नई तकनीक अच्छी है, लेकिन जब सुविधाएं और नेटवर्क ही नहीं हैं, तो इसे थोपना गलत है पुरानी प्रणाली से कम से कम राशन तो समय पर मिल जाता था जब तक सरकार इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती, चावल उत्सव का उत्साह हितग्राहियों के लिए परेशानी का सबब बना रहेगा।राशन लेने वाले हितग्राही गर्मी में हाल-बेहाल- मैनपुर क्षेत्र के राशन दुकान पर हालात बद से बदतर हैं। भीषण गर्मी में बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं। कई हितग्राहियों, खासकर बुजुर्गों के पास मोबाइल फोन तक नहीं है, जिसके चलते ओटीपी प्राप्त करना उनके लिए असंभव है। हितग्राहियों का कहना है कि एक व्यक्ति को राशन लेने में औसतन एक घंटा लग रहा है। मशीनों में छह बार अंगूठा लगाने की प्रक्रिया, बार-बार ओटीपी न आने, और सर्वर डाउन होने की वजह से लोग घंटों कतार में खड़े होने को मजबूर होना पड़ रहा है। राशन दुकानों पर अव्यवस्था के चलते हितग्राहियों और विक्रेताओं के बीच तनाव बढ़ गया है कई जगह झगड़ा की भी स्थिति निर्मित हो रही है।

### मेटाडोर पेड़ से...

ट्रकों की आवाजाही होती है। इसी वजह से यह मार्ग हादसों का गढ़ बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क से गुजरना अब जोखिम भरा हो गया है, और राहगीर हर दिन अपनी जान हथेली पर रखकर सफर करते हैं। ग्रामीणों ने कई बार इस सड़क के सुधार की मांग शासन से की है, लेकिन अभी तक इसकी मरम्मत न होने से यह मार्ग लगातार हादसों का कारण बन रहा है।

### जर्जर व बाउंड्रीविहीन...

बाउंड्रीविहीन स्कूल सड़क के किनारे स्थित हैं, जिससे बच्चों के स्कूल आते-जाते समय हर वक्त हादसे का भय बना रहता है।

**असामाजिक तत्वों का जमावड़ा-** बाउंड्री न होने के कारण असामाजिक तत्व रात के अंधेरे में स्कूल परिसर में बैठकर शराब पीते हैं और बोतलें वहीं पर फोड़ देते हैं। कई स्कूलों के दरवाजे टूटे हैं तो कहीं खिड़कियां भी टूटी पड़ी हैं। **स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग-** जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, विमला नागेश, मिलन्तीन कुंजाम, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, हेमलता नागेश, तुलेश्वर ध्रुव, विजय कृष्ण नागेश, रवि मरकाम, हेमलता ध्रुव, और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने बताया कि स्कूल परिसर में बाउंड्री बनवाने के लिए शासन-प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं। उनका कहना है कि बाउंड्री वॉल की व्यवस्था लंबे समय से न होने के कारण इन स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से तमाम शालाओं में पक्का बाउंड्री वॉल बनाए जाने की दिशा में शासन-प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

**कॉल रिसीव नहीं किया-** इस संबंध में बीआरसी छुरा हरीश देवांगन से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### छुईहा में अवैध शराब...

जरकोन में 05 लीटर कच्ची महुआ शराब, कुल 15 लीटर कच्ची महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 3,000/- रुपए है, जब्त की गई। आरोपी कुलेश्वर कमार द्वारा धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध गठित करना पाए जाने पर, अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।


**विजय विकास संकुल संगठन कौन्दकेरा IFC (जनपद पंचायत फिंगेश्वर)**

**// आई.एफ.सी. एंकर भर्ती विज्ञापन //**

एकीकृत फार्मिंग कलस्टर अंतर्गत आईएफसी एंकर ग्रामीण क्षेत्रों के आजीविका संवर्धन हेतु फॉर्म ऑफ फार्म एवं नॉनफार्म आजीविका अंतर्गत विभिन्न कार्य जैसे एग्रो इकोलॉजिकल पद्धति, मिट्टी के स्वास्थ्य और जल स्तर में सुधार ,फसल विविधीकरण और उत्पादकता में सुधार एवं एग्री न्यूट्री गार्डन के माध्यम से सुधार, पशुधन प्रबंधंन नस्ल में सुधार, समय पर पशु चिकित्सा देखभाल और टीकाकरण को अपनाकर महिला एवं स्व सहायता समूह सदस्यो मुख्यतः महिला किसानो एवं पशुपालकों के आजीविका स्तर को बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कलस्टर संगठन को कियान्वयन एंजेसी के रूप में चयनित किया गया है। इस कार्य के संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु आई.एफ. सी. एंकर की भर्ती की जानी है। जिस हेतु इच्छुक व पात्र उम्मीदवारों के आवेदन आमांत्रित है । उक्त आई. एफ. सी. एंकर की भर्ती पूर्वकालिक के लिए ही होगी। यह भर्तियां पूर्ण रूप से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान अतंर्गत कलस्टर संगठन के स्वामित्व के अधीन होगी । इसका किसी भी शासकीय, अर्द्ध-शासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नही है । आवेदन करने कि प्रारम्भिक तिथि 14/06/2025 व अंतिम तिथि 24/06/2025 को समय सायं 5 बजे तक कार्यालय. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फिंगेश्वर (एन. आर एल एम शाखा ) जिला गरियाबंद छ.ग. के पते पर केवल स्पीड पोस्ट रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किये जा सकते है ।

**01. आई एफ सी (एंकर पद की संख्या - 01 ) हेतु आवश्यक अर्हता. मापदण्ड मानदेय व यात्रा भत्ता का विवरण-**

| क्र. | न्युनतम शैक्षणिक योग्यता | न्युनतम कार्यानुभव (वर्ष) | एक मुश्त मासिक मानदेय (रू.) | यात्रा भत्ता (रू.में) | वांछित अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि उद्यानिकी एवं संबंधित विषय पर स्नातक में उपाधि । | निर्धारित शैक्षणिक अर्हता उपरांत फील्ड स्तर पर कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका कार्य का न्युनतम 01 वर्ष का कार्यानुभव । | 30000/- | 3000/- | ● यदि कॉलम 2 एवं 3 के अनुसार उम्मीदवारो के अनुपलब्धता होती है तो शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नियमित स्नातक डिग्री के साथ ग्रामीण स्तर एवं कृषि संबधित कार्य 2 वर्ष अनुभव वाछित । परिपेक्ष एवं मार्केटिंग मे कार्य करने मे सक्षम साथ कि स्थानीय भाषा का ज्ञान हो ।<br>● हिन्दी एवं अग्रेजी भाषा मे कार्य करने मे संक्षम साथ हो स्थानिय भाषा का ज्ञान हो ।<br>● कम्प्यूटर एवं एम. एस. आफिस मे कार्य मे कार्य करने वाले दक्ष, हिन्दी एवं अग्रेजी टाईपिगं आती हों ।<br>● रिपोर्ट लेखा एवं डेटा प्रबंधन मे दक्षता ।<br>● क्षेत्र भ्रमण के लिए आवश्यक समस्त दस्तावेज सहित स्वयं का वाहन (दो-पहिया ) |

**1. आयु सीमा-** अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 जनवरी 2025 की स्थिति मे 21 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम हो । **2. निवासी-** छत्तीसगढ़ राज्य / जिले का मूल निवासी हो । **3.** आई एफ सी एंकर मानदेय को नोडल सी. एल. एफ. द्वारा प्रावधनित आई. एफ सी. बजट से जारी किया जावेगा । **4. आवेदन पत्र-** विस्तृत व्यक्तिगत, निवास, शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव, समस्त अंकसूची, फोटो व आवश्यक जानकारी की स्वसत्यापित जानकारी एक सामान्य आवेदन प्रारुप में तैयार कर भेजे । **नोटः-** अधिक जानकारी के लिए जनपद पंचायत फिंगेश्वर (बिहान शाखा) और विजय विकास संकुल संगठन कौंदकेरा में सम्पर्क कर सकते है ।

**विजय विकास महिला संकुल संगठन**
**संकुल केन्द्र कौन्दकेरा, जनपद पंचायत फिंगेश्वर**
**जिला- गरियाबंद (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### परसदा में मनाया गया रोजगार पखवाड़ा दिवस

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत परसदा में रोजगार पखवाड़ा दिवस मनाया गया जिसमें गांव के सरपंच रमेश वर्मा, सचिव पंचायत रामचंद् तारक, रोजगार सहायिका माधुरी साहू, मनरेगा मेट टिकेश्वर प्रसाद यादव उपस्थित हुए। इस अवसर पर मनरेगा मेट टीकू यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि महीने के 7 तारीख को मनरेगा मजदूरों का हर माह रोजगार दिवस शासन के आदेशानुसार मनाया जाता है। वर्तमान में गांव के 9 वार्ड के मनरेगा श्रमिकों द्वारा कार्य किया जा रहा है, जिसमें कच्ची धरसा निर्माण, नहर एवं नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। दोनों कार्य में लगभग 300 से अधिक श्रमिकों को प्रतिदिन रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं जिससे श्रमिकों के आय एवं आजीविका में समृद्धि और सशक्त साधन मनरेगा कार्य बन रहे हैं। इस तरह से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है वही है बहुत सारे निजी कार्य मनरेगा के तहत कराया जा रहा है। कुआं निर्माण, सुअर शेड, बकरी शेड। इस मौके पर मनरेगा मेट योगेश यादव, मोहन साहू, हरिश्चंद्र साहू, सब इंजीनियर मनरेगा राकेश सोनी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरा देश तेजी से आगे बढ़ रहा : गोवर्धन

**मैनपुर।** केंद्र में मोदी सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने पर पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश आगे बढ़ रहा है भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है यह प्रधानमंत्री मोदी के दूरदशएँ नेतृत्व



का परिणाम है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है इस दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं ने नागरिकों का जीवन आसान बनाया है साथ ही वैश्विक मंच पर भारत की साख बढ़ी है श्री मांझी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की दिशा और दशा दोनों बदली है मोदी जी के नेतृत्व में देश के साधन और संसाधन विकसित हुए हैं राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत हुई है आवास योजना, आयुष्मान योजना, स्वच्छता अभियान, पीएम जनधन योजना, लखपति दीदी योजना जैसे कार्यक्रमों से गरीबों को लाभ मिला है प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से रोजगार के अवसर बढ़े हैं किसानों को सम्मान निधि के रूप में आर्थिक सहायता मिल रही है मोदी सरकार का कार्यकाल विकसित भारत के अमृत काल का प्रतीक है मोदी ने अपने –ढ़ निश्चय से वर्षों से लंबित संकल्पों को पूरा किया है।

### पूर्व कृषि मंत्री साहू ने अहमदाबाद हादसे पर शोक व्यक्त किया

**नवापारा-राजिम।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान हादसे में 242 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे पर पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने शोक जताते हुए कहा कि यह हादसा अत्यंत हृदयविदारक है। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ लोगों की जान चले जाने की इस घटना से हम सब बेहद मर्माहत है इस घटना ने भारत के साथ पूरे विश्व के लोगों को स्तब्ध कर दिया है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी इस हादसे के शिकार हुए हैं उनका जाना एक अपूरणीय क्षति है, भगवान से प्रार्थना है कि इस हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों की आत्मा को शांति दे। साथ ही मृतकों के परिजनों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति दे।

### बैठक आज

**महासमुंद।** महासमुंद ब्लॉक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के समस्त शाला समिति के सदस्यों की आवश्यक बैठक 14 जून शनिवार को प्रातः 11 बजे ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर भलेसर रोड महासमुंद में रखी गई है। बैठक का मुख्य विषय नवीन एवं नवीनीकरण मान्यता तथा नवीन सत्र के पाठ्य पुस्तक के संदर्भ में रखी गई है। आरटीई की कुछ स्कूलों की राशि 2023 -24 की बाकी है।

**बैठक :** बिजली पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए कलेक्टर सहित सरपंच व ग्रामीणों से चर्चा

# राज्यपाल के गोद ग्राम का होगा विकास : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राज्यपाल रमेन डेका द्वारा गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के 5 जून को ग्राम पंचायत बिजली एवं आश्रित गांव मड़वाडीह को गोद लिया गया है। इस ग्राम पंचायत के सतत चहुंमुखी विकास के लिए आज कलेक्टर बीएस उइके, वन मण्डलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम, जले के आला अधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद थे, कलेक्टर बीएस उइके ने राज्यपाल रमेन डेका द्वारा ग्राम पंचायत बिजली को गोद लिए जाने की मूल अवधारणा को ग्रामीणों के बीच विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि इस ग्राम पंचायत का चरणबद्ध तरीके से चहुंमुखी विकास किया जायेगा। इसके लिए शासन प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का सहयोग एवं समन्वय बेहद जरूरी है। इस गांव के विकास के लिए जिला, विकासखण्ड स्तरीय समिति बनाई जायेगी। जिसमें गांव में किये जा रहे कार्यो का सतत मॉनिटरिंग की जायेगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांव में इसी तरह की समिति बनाये और प्रत्येक समिति के लिए ग्राम पंचायत के पंच को अध्यक्ष बनाये और गांव के समुचित विकास के लिए ग्रामीणजन जनसहभागिता के साथ कार्य करें। इसके लिए रोड मैप भी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियों एवं ग्रामीणों द्वारा गांव के प्रत्येक गलियों का भ्रमण कर लोगों को समझाईश दे कि गलियों में जगह छोड़कर अपना मकान निर्माण कराये। जिससे कि गांव में किसी भी प्रकार की आपात स्थिति होने पर एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य वाहन आसानी से आ जा सके। उन्होंने लोगों को अपील की कि प्रत्येक घरों के व्यर्थ पानी को सोखता गढ्डा में डालने, किचन गार्डन का निर्माण करने एवं गलियों में पानी न बहाने को कहा।



#### विकास में नहीं होगी कमी

वन मण्डलाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि गांव के सभी समस्याओं को निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रशासन द्वारा गांव के विकास में कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने घरो, बाड़ियों सहित खाली जगहों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा पौधा लगाने के लिए पौधा भी प्रदाय किया जाएगा। उसे सहेजने कार्य ग्रामीणों को करना होगा। जलस्तर को बनाए रखने जल स्त्रोत को संवर्धित करने की अपील की।

#### आदर्श गांव के रूप में होगा विकसित

इसी तरह अपने-अपने घरों गलियों को स्वच्छ एवं सुंदर रखने के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखे। साथ ही व्यक्तिगत एवं सामुहिक शौचालय का उपयोग करने को कहा। साथ ही उन्होंने लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण के बचाव के लिए सभी लोगों से अभियान के तहत पौधारोपण करने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि बिजली ग्राम पंचायत में सेंट्रल और स्टेट की फ्लैगशिप प्रोग्राम का हर ग्रामीण तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। जिसका प्रत्येक महीने की प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की जायगी। गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्राथमिकता तय कर किया जाएगा। गांव के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप लोगों की होगी। आपका गांव आने वाले समय में आदर्श गांव के रूप में विकसित होगा। जिससे इस गांव को प्रदेश एवं देश में सभी लोग जानेंगे।



#### घरों को शीघ्रता से करें पूर्ण

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि पंचायत में 15वे वित्त की राशि का उपयोग गांव के विकास में उपयोग में करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिनके घर स्वीकृत हो गये है। वे अपने घरों को शीघ्रता से पूर्ण करें। यदि कोई हितग्राही नींव खुदाई कर लिया है, ऐसे लोग रेत एवं ईंट की व्यवस्था बारिश से पूर्व कर लेवे। ताकि बारिश के दिनों में मकान बनाने में किसी प्रकार की दिक्कते नहीं आये। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों ने गांव में चरणबद्ध तरीके से कराये जाने वाले विकास कार्यो के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर परएसडीएम श्री विशाल महाराणा, जनपद सभापति नंदू यादव, सरपंच पदमा निषाद, सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद, पंचगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छुरा सीईओ ने आवास योजनाओं का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) सतीश चंद्रवंशी, जनपद पंचायत छुरा के नेतृत्व में, ग्राम पंचायतों मूढ़ीपानी, कूड़ेरादादर, रुवाड़, रसेला, मेढ़की डबरी, और कोठीगांव में जनचौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान विकासखंड समन्वयक आवास, तकनीकी सहायक मनरेगा, सचिव, सरपंच, और रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे। जनचौपाल का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत विभिन्न चरणों में चल रहे कार्यों की समीक्षा करना था। सीईओ चंद्रवंशी ने प्रथम किस्त प्राप्त हितग्राहियों को तत्काल आवास निर्माण शुरू करने, द्वितीय किस्त प्राप्त हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने, और



जनमन के आवासों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने सभी निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही आवास निर्माण करने के लिए पाबंद किया। यह पहल आवास योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

## गरियाबंद में हुआ ब्रह्माकुमारीज का श्रद्धांजलि कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ब्रह्माकुमारीज गरियाबंद के शिवशक्ति भवन सेवा केंद्र प्रांगण में मनाया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बीच गुजरात के अहमदाबाद में हुए भयानक एअर इंडिया दुर्घटना के लिए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पण किया गया। गुजरात के अहमदाबाद में हुए भयानक एअर इंडिया प्लेन क्रैश ने देश को हिला कर रख दिया है. इस हादसे की खबर सुनकर हर कोई सहम गया। लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट अहमदाबाद से उड़ाने भरने के कुछ ही देर बाद क्रैश हो गई। इस विमान में 242 लोग सवार थे, जिनमें 2 पायलट और 10 केबिन क्रू एवं 6 ब्रह्मकुमारीज़ सदस्य शामिल थे, मंजर इतना भयावह है कि हर किसी का दिल दहल गया। इस परिपेक्ष में ब्रह्माकुमारीज के प्रांगण पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी मौन धारण कर मृतात्मा के शांति के लिए प्रार्थना सभा रखी गई। ब्रह्माकुमारीज संचालिका राजयोगिनी बिंदु दीदी एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों में श्री अनिल चंद्राकर जी, श्री गौरी शंकर कश्यप जी, श्री रेखीराम यादव जी, श्री सोहनलाल ध्रुव जी ने अपनी संवेदना व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में नगर के समस्त विभागों के प्रबुद्ध जन जिसमे शिक्षा, समाजसेवी, नवनिर्वाचित पदाधिकारी, व्यापारीजनों एवं नगर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लगभग 500 भाई बहनों की उपस्थिति रही। इस दौरान अनिल चंद्राकर, अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गरियाबंद, गौरी शंकर कश्यप, अध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद, रिखीराम यादव, अध्यक्ष, नगर पालिका गरियाबंद, सोहनलाल ध्रुव अध्यक्ष जनपद पंचायत गरियाबंद, लालिमा ठाकुर, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत गरियाबंद, मोहम्मद आसिफ मेमन जी उपाध्यक्ष नगर निगम पालिका गरियाबंद, लेखराज साहू, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत गरियाबंद एवं जिले के नगर पालिका व पंचायत के पार्षदों सहित जिला पंचायत सदस्यों सहित नगर के गणमान्यों की उपस्थिति रही।



## मानिकचौरी में स्वागत द्वार का हुआ उद्घाटन

**नवापारा-राजिम।** ग्राम मानिकचौरी में बुधवार को मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित स्वागत द्वार का औपचारिक उदघाटन किया गया, इस द्वार का नामकरण ग्राम के प्रथम सरपंच, प्रथम अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति नवापारा स्व सुन्दरलाल साहू के नाम पर रखा गया है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्व सुन्दरलाल साहू के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण, विधायक इंद्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य व पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि वे धार्मिक प्रवृति तथा परोपकारी, गरीबों की मदद करने वाले व्यक्ति थे, पूरे अभनपुर क्षेत्र के लोग उनके सदव्यवहार से वाकिफ थे और हम सबके आदर्श थे। पूर्व कृषि मंत्री श्री साहू ने इस अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि वे उन्नत कृषक थे, मेहनती, सादगीपूर्ण जीवन, और अच्छे विचार उनके नामकरण से बनाए गए द्वार हम सबके प्रेरणा का कारण बने। इस अवसर पर सरपंच हेमलता साहू, किसान नेता चंद्रिका साहू, पंडित गोविंदप्रसाद तिवारी अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, पूर्व सरपंच बुद्धेश्वर साहू, चुम्मन साहू, पुनूराम सेन, सेवाराम साहू, गजेंद्र साहू, रामगुलाल तारक, तुलसी दास ,मनहरण चंदेल, महेंद्र दिड़ी, तेजकुमार साहू, भोजराम साहू, पूर्णिमा साहू, प्रीति साहू, सविता भारती, घनश्याम कर्ष, देवाराम साहू, मुकुंद बघेल, निलेश विश्वकर्मा, कामता साहू, जीतून साहू, घासुराम देवांगन, कामदेव तारक मौजूद थे।

## 12 जून से शुरू हुआ आषाढ़ मास, चातुर्मास पर थमेंगे मांगलिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

हिंदू कैलेंडर का चतुर्थ मास आषाढ़ 12 जून से आरम्भ हो गया है। आषाढ़ माह 12 जून से प्रारंभ होकर 10 जुलाई तक रहेगा। आषाढ़ माह को बारिश काल का प्रारंभ माह माना जाता है। धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से भी आषाढ़ माह का विशेष महत्व है। इस माह भगवान विष्णु, देवी माता एवं सूर्य देवता को पूजा का विधान है। चातुर्मास में शुभ एवं मांगलिक कार्य वर्जित है। मान्यता हैं कि इस माह से देवशयन आरम्भ होता है। यानी भगवान श्री विष्णु क्षीर सागर में योगनिद्रा में चले जाते है। इस माह गुप्त नवरात्रि, गुरु पूर्णिमा, देवशयनी एकादशी, जगन्नाथ रथ यात्रा, जया पार्वती व्रत आदि त्यौहार आते है। चातुर्मास आरम्भ होने के कारण विवाह, गृह प्रवेश एवं मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। लेकिन भजन-कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान और तपस्या का विशेष महत्व होता है।

#### किसानों को बारिश का इंतजार

आषाढ़ माह प्रारंभ हो जाने से किसानों को बारिश का बेसब्री से इंतजार है। बार-बार बदलते मौसम से किसान भी असमंजस की स्थिति में है। कई किसानों ने अकरस पानी में खेतों की जुताई करवा ली है। किंतु जिन खेतों में रबी फसल लगाई गई थी उन खेतों में जुताई एवं खेत सफाई का काम बाकी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 जून से अंचल में बारिश होने की प्रबल संभावना है।

## पीएम मोदी के 11 साल देश दुनिया में बेमिसाल : साहू

**नवापारा-राजिम।** सेवा सुशासन गरीब कल्याण ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महामंत्र है। देश के प्रमुख सेवक होने के नाते देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने इन 11 साल में देश में जो कार्य किया है वह देश ही नहीं बल्कि दूनिया में जगजाहिर है जिसकी प्रशंसा वैश्विक स्तर पर हो रही है। आज भारत विकासशील देशों से आगे विकसित भारत के अन्तिम पायदान में खड़ा है। यहां की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रहा है। जिसका श्रेय केन्द्र की भाजपा सरकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। श्री मोदी के ग्यारह साल बेमिसाल है यह बातें पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने ग्राम नवागांव में कार्यकर्ताओं के बीच में कही। केन्द्र के ग्यारह साल होने पर भाजपाईयों के द्वारा गांव में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं उसी तारतम्य में चन्द्रशेखर साहू ग्राम नवागांव पहुंचे थे जहां कार्यकर्ताओं के बीच बैठक कर भाजपा के 11 साल के कार्यकाल के विभिन्न विकास कार्यों की सार्थक चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा नेता टीकम चन्द साहू, पूर्व सरपंच इतवारी चक्रधारी, सरपंच छबीली खगेश, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रेखराम सिन्हा ,कोषाध्यक्ष शिशुपाल साहू,डोमार साहू ,सन्तू चक्रधारी,नारायण चक्रधारी, नंदकुमार चक्रधारी ,चेतन साहू, अश्वनी साहू उपस्थित थे।






**क्रांति, चेपटी और गुमटियां दाना मोटा और होता था वजनदार**

# किसान भूले डवरधान-चेपटी जैसे परंपरागत धान बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में 20 से 25 साल पहले किसान अपने खेतों में चेपटी, दुबराज, गुमटियां, लुचई आदि धान का बीज खेतों में बोते थे और भाटा टिकरा में टवरधान को बुआई करते थे। आज यहां बीच किसानों के लिए मात्रा यादगार बनकर रह गया है। ग्राम रसेला के ग्राम पटेल लोकराम यादव को पुछा गया कि आप 20 साल पहले क्या धान की बोआई करते थे तो उन्होंने दो या तीन धान के नाम ही बता पाया। और कहा कि धान भुल गया हूं। इस तरह से किसान देवलाल बारिक, भागवत कोमर्रा, मयाराम ठाकुर, नोहर ठाकुर, धनेश ठाकुर, सीताराम यादव ने कहा कि पहले के धान और अब के धान बीज में अंतर है। पुराना धान में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मोटा धान की प्रजातियों में अति वृष्टि और जल भराव के बाद भी खुद को बचा ले जाने की अद्भुत क्षमता थी। अब वह बीज सिर्फ यादों में रह गई है। मानसून के दिनों में असीमित बारिश झटके से कम होता उत्पादन और तरह तरह के कीट प्रकोप यह कुछ ऐसे कारक है, जिसने मोटा धान की फसल लेने वाले किसानों को परेशान किया हुआ है। ऐसे समय में अब प्रजातियां याद आ रही है, जिनमें ऐसी प्रतिकूल स्थितियों को सहन करने की गजब की क्षमता थी। महत्वपूर्ण यह है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उत्पादन में विशेष अंतर नहीं आता था। ऐसा था क्रांति, चेपटी और गुमटियां दाना मोटा और वजनदार होता था। चावल के रूप में नियमित सेवन किया जाता था, साथ ही पोहा - मुर्रा के साथ लाई भी बनाई जाती थी। यही वजह थी कि यह देसी प्रजातियां, प्रदेश के हर हिस्से में बोई जाती थी।

#### गुणवत्ता रहती थी बरकरार



लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पश्चिमी बंगाल, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य प्राथमिकता के आधार पर इन प्रजातियों की उपज की खरीदी करते थे। किसानों ने बताया कि मानसून के दिनों में अतिवृष्टि या परिपक्वता अवधि पूरी कर लेने के दौरान बारिश और खेतों में जल भराव। ऐसी स्थिति में भी किसान बेफिक्र होते थे क्योंकि यह प्रजाति अतिवृष्टि या जल भराव जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी खुद को बचा लेने में सक्षम थी। उत्पादन का मानक स्तर बना रहता था। गुणवत्ता भी बरकरार रहती थी। यहां धान कमजोर तना, मानक से ज्यादा ऊंचाई, तेज हवा के प्रति असहनशीलता ही विदाई का कारण बनी, तो गगाई जैसे घातक कीटों का प्रवेश भी इन देसी प्रजातियों की बोनी से किनारा करने के लिए किसानों को मजबूर किया। यह पांचों आज इसलिए याद की जा रही है क्योंकि चार पांच दिनों से मौसम बिगड़ा हुआ है।

